## 15-04-2021

## करेंसी चेस्ट

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. करेंसी चेस्ट ऐसी जगह है, जहाँ आरबीआई (ATM) और बैकों के लिए पंसे जमा करता है।
2. चंडीगढ़ में एक्सिस बैंक की करेंसी चेस्ट सुर्खियों में आ गया है।
3. भारत में आरबीआई के 31 कार्यलाय है। जब मुद्राएँ छपती है, तो आरबीआई उन्हें इस कार्यालयों में भेजता है। फिर ये कार्यलाय है। जब नई मुद्राएँ छपती है, तो आरबीआई उन्हें इन कार्यालायों में भेजता है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका :-** करेंसी चेस्ट ऐसी जगह है, जहां आरबीआई बैकों और एटीएम के लिए भेजे जाने वाले पैसे को रखता है। करेंसी चेस्ट विभिन्न बैंको में स्थित है, और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रशासित है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- चंडीगढ़ में एक्सिस बैंक की करेंसी चेस्ट से एक प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड ने 4.04 करोड़ रूपये लुट लिए है। इसके चलते करेंसी चेस्ट सुर्खियों में आ गया है।
- करेंसी चेस्ट ऐसी जगहें है, जहां आरबीआई एटीएम और बैकों के लिए पैसे जमा करता है। आरबीआई के प्रतिनिधि समय-समय पर इन करेंसी चेस्ट का निरीक्षण करते है। ये करेंसी चेस्ट पूरे देश में बैंको में रखे गए है। करेंसी चेस्ट में पैसा आरबीआई का है, और स्ट्रांग रूम में करेंसी चेस्ट के बाहर रखा पैसा बैंक का है।
- जब भी आरबीआई ने करेंसी नोट छापता है, तो सबसे पहले इन करेंसी चेस्ट में पहुंचाता है। करेंसी चेस्ट रखने वाले बैंक फिर उन्हें बैंकों में वितरित करेगी।
- अब आरबीआई को चोरी के कारण नुकसान होने का खतरा है, चेस्ट में रखा हुआ पूरा पैसा आरबीआई का है। अब सवाल उठता है कि नुकसान कौन उठाएगा? करेंसी चेस्ट रखने वाले बैंक को घाटा उठाना चाहिए। बैंक को आरबीआई को एक धोखाधडी निगरानी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी होगी।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- आरबीआई बैंक को सुरक्षा खर्चो की प्रतिपूर्ति करता है। इन प्रतिपूर्ति में एक बैंक से दूसरे बैंक में पैसे का परिवहन भी शामिल है। नकदी की सुरक्षा करना बैकों की एकमात्र जिम्मेदारी है।
- भारत में आरबीआई के 31 कार्यालाय है, जब नई मुद्राएँ छपती है, तो आरबीआई उन्हें इन कार्यलयों में भेजता है। फिर ये कार्यलाय नोटों को करेंसी चेस्ट और छोटे सिक्के डिपो में भेजते है। देश में 4,075 करेंसी चेस्ट है, और लगभग 3,746 बैंक छोटे सिक्का डिपो के रूप में कार्य करते है।

## इलेक्ट्रानिक मार्केटप्लेस ई-सांता

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने हाल ही में एक इलेक्ट्रानिक मार्केटप्लेस ई-सांता (e-SANTA) की शुरूआत की है।
2. यह जल कृषकों और खरीदारों को जोड़ने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।
3. ई-सांता टर्म वेबपोर्टल के लिए तैयार किया गया है, जिसका अर्थ इलेक्ट्रानिक सॉल्यूशन फॉर ऑग्मेटिंग एनएसीएस फार्मस ट्रेड इन एक्वाकल्चर है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका :-** हाल ही में केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने जल कृषकों और खरीददारों को जोडने को लेकर एक मंच प्रदान करने हेतु इलेक्ट्रानिक मार्केटप्लेस ई-सांता (e-SANTA) की शुरूआत की है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने हाल ही में एक इलेक्ट्रॉनिक मार्केटप्लेस ई-सांता (e-SANTA) की शुरूआत की है।
- इस पोर्टल से निर्यातक साधे किसानों से गुणवत्ता पूर्ण उत्पाद की खरीददार कर सकेंगे, जिसमें किसानों का अपने उत्पादों के बेहतर दाम मिल सकेगे।
- ई-सांता टर्म वेबपोर्टल के लिए तैयार किया गया, जिसका अर्थ इलेक्ट्रॉनिक सॉल्यूशन फॉर ऑग्मेटिंग एनएसीएसए फार्मर्स ट्रेड इन एक्वाकल्चर है।
- नेशनल सेंटर फॉर स्टेनिवल एक्वाकल्चर (Na,CSA) भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण MPEDA की एक विस्तारित शाखा है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- ❖ ई-सांता बाजार विभाजन को समाप्त करने के लिए एक डिजिटल ब्रिज है, और बिचोलियों को खत्म करके किसानों एवं खरीददरों के बीच एक वैकल्पिक विपणन उपकरण के रूप में में काम करेगा।

## हिमाचल प्रदेश

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. स्वतंत्रता के बाद 15 अप्रैल, 1948 को हिमाचल प्रदेश को गठन मुख्य आयुक्त के प्रांत के रूप में किया गया था।
2. 25 जनवरी, 1950 को हिमाचल को "ग" श्रेणी का राज्य बनाया गया।
3. हिमाचल प्रदेश का शब्दिक अर्थ है "बर्फ से ढका हुआ क्षेत्र"।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका :-** हिमाचल प्रदेश में 15 अप्रैल को हिमालय दिवस के रूप में मनाया जाता है, हिमाचल प्रदेश निर्माण की स्मृति में हिमाचल दिवस में मनाया जाता है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- ❖ भारत स्वतंत्र होने के बाद 15 अप्रैल, 1948 को हिमाचल प्रदेश का गठन मुक्त आयुक्त प्रांत के रूप में किया गया था।
- ❖ 25 जनवरी 1950 को हिमाचल को "ग" श्रेणी का राज्य बनाया गया। वही 01 नवम्बर , 1956 को हिमाचल प्रदेश को केन्द्र शासित प्रदेश घोषित किया गया।
- ❖ वर्ष 1966 में पंजाब के पहाड़ी क्षेत्रों को हिमाचल प्रदेश में शामिल किया गया। 18 दिसम्बर, 1970 को संसद ने हिमाचल प्रदेश अधिनियम पारित किया तथा, 25 जनवरी 1971 को हिमाचल प्रदेश भारत को 18 वां राज्य था।
- ❖ हिमाचल प्रदेश का शाब्दिक अर्थ है, बर्फ से ढ़का हुआ क्षेत्र हिमाचल प्रदेश भारत के उत्तरी भाग में स्थित है। इसके उत्तर में जम्मू-कश्मीर पश्चिम में पंजाब, दक्षिण-पश्चिम में हरियाणा दक्षिण-पूर्व में उत्तराखंड तथा पूर्व में तिब्बत स्थित है।
- ❖ हिमाचल प्रदेश का कुल क्षेत्रफल 55,673 वर्ग किलोमीटर है। वही इसकी आधिकारिक भाषाएँ हिन्दी और संस्कृत है।
- ❖ वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर है, जबकि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS